## एक नजर में



### शपथ ली पद व पर्यावरण संरक्षण की

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय संस्था महावीर इंटरनेशनल केन्द्र उज्जैन के वर्ष 2025-27 हेतु पदाधिकारियों ने अपने नये उत्तरदायित्व की शपथ गृहण की। शपथ अधिकारी जोन चेयरमेन सुनील दोशी ने शपथ गृहण कराई ।इस अवसर पर उपस्थित केन्द्र के सभी सदस्यों ने सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की शपथ ली ।संस्था के गत सत्र के आव्हान कपड़े की थेली मेरी सहेली के बाद इस सत्र के लिए पेड़ लगाओ, जल बचाओ, प्लस्टिक हटाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। संस्था के नवीन दायित्व के लिए अध्यक्ष प्रमोद कोठारी उपाध्यक्ष संतोष सुराणा, निर्मल गादिया, रमणलाल सोनी, मनोज जैन, गोविन्द तोतला व कार्यकारिणी ने शपथ गृहण की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केन्द्रीय गवर्निंग कोंसील मेंबर अशोक भण्डारी ने संस्था की पचास वर्ष की सेवा यात्रा में देश भर में कार्यरत् 400 केन्द्रों के कार्यों व उज्जैन केन्द्र की विगत् 10 वर्ष से चल रही भोजनशाला एवं विगत् 565 रविवार से संख्याराजे के पश्चात् चरक भवन मे निरंतर किये जा रहे बेबी किट वितरण की प्रशंसा की ।इस अवसर पर आयोजित दिपावली मिलन कार्यक्रम में अनेक वीर वीराओं ने अपनी प्रस्तुति दी , संचालन राजेन्द्र हिंगड़ ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में श्रेणिक लुणावत, राजेन्द्र सिरोलिया, विजय बंबोरी, सचिव सुशील जेन, रविन्द्र कटारिया, संजय सूर्या, नरेन्द्र सांखला, संजय बीमा, अशोक चौहान, बसंत सुराणा, प्रकाश फागनिया, रमेश सोनी, एनपी शिवहरे सपरिवार उपस्थित हुए।



### प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक का सम्मान

**उज्जैन।** व्यंग्यकार मुकेश जोशी के प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मनोनीत होने पर साहित्यिक मित्र मंडली द्वारा शाल, श्रीफल, पुष्पमालाओं एवं मोतियों की मालाएं पहना कर भावभीना स्वागत एवं सम्मान किया।व्यंग्यकार डॉ. तीरथसिंह खरबंदा, आचार्य शैलेन्द्र पाराशर, शांतिलाल जैन, शशांक दुबे, कवि अशोक भाटी, डॉ. संदीप नाडकर्णी, कवि शरद पंडया, कवि मानसिंह एवं समाजसेवी एसएस नारंग ने जोशी का आत्मीय स्वागत किया। आचार्य पाराशर ने मुकेश जोशी की साहित्यिक उपलब्धियों एवं अवदानों को रेखांकित किया।इस अवसर पर कवि अशोक भाटी ने अपनी प्रभावी रचना गंगाजल, शरद पंड्या ने अपनी विचारवान रचना, डॉ. संदीप नाडकर्णी ने नए तेवर की रचना रूक्मणी की व्यथा, कवि मानसिंह ने मधुर गीत एवं मुक्तक से सभी को आनंदित कर दिया। निदेशक मुकेश जोशी ने सम्मान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर प्रेमचंद सृजन पीठ की साहित्यिक गतिविधियों में सभी के सहयोग का अनुरोध किया।



### नवीन व्याख्याताओं का सम्मान

**उज्जैन।** शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद महाविद्यालय उज्जैन में नव नियुक्त व्याख्याताओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ.जेपी चौरसिया के साथ मंच पर डॉ. ओपी व्यास, डॉ. सुनीता डी.राम, डॉ. सिद्धेश्वर सतुआ उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यापक डॉ. कीर्ति बाला तावड़े, डॉ. मंजू चौकसे, डॉ. अनीता अलावा, डॉ. भरत ठाकुर, डॉ. आशा मालवीय, डॉ. प्रीति गौड़, डॉ. नीता जमरा, डॉ. श्रुति शर्मा, डॉ. नेहा चलमेला को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर संस्था के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संयोजन डॉ.नृपेंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामतीर्थ शर्मा द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. शिरोमणि मिश्रा ने माना।



### संतोष महासचिव से भेंट कर आमंत्रित किया

**उज्जैन।** सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने नईदिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष से आत्मीय मुलाकात कर आश्रम द्वारा की जा रही मानवीय सेवाओं की जानकारी देते हुए अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में दिसम्बर माह में आयोजित होने जा रही द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सोशल वर्कर कान्फ्रेंस हेतु आमंत्रित किया। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर नईदिल्ली, भरत भाई पाटनी अध्यक्ष द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सोशल वर्कर कान्फ्रेंस, सह अध्यक्ष अशोक अवस्थी जयपुर और समाजसेवी मोहनलाल भी उपस्थित रहे।



### थाना खाराकुआं में देवड़ा का किया सम्मान

**उज्जैन।** थाना खाराकुआं में थाना प्रभारी के रूप में नवनियुक्त लक्ष्मणसिंह देवड़ा का समाज सेवी व थाना शांति समिति सदस्य मुस्तफा ए पीठावाला के द्वारा पुष्प गुलदस्ता एवं माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया।इस अवसर पर प्रो. मुर्तज़ा तुराबी, हातिम पीठावाला, अमीर अतर वाला आदि उपस्थित थे।

### संघ के कृष्णगोपाल मालवा प्रांत में प्रवास पर

**उज्जैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह कृष्णगोपाल मालवा प्रांत के दो दिवसीय प्रवास पर 18-19 नवंबर को उज्जैन में रहेंगे। संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को साधु-संतों का मार्गदर्शन प्राप्त हो, इस क्रम में अपने प्रवास के प्रथम दिवस आप उज्जैन में आध्यात्मिक संस्थाओं और साधु-संतों के साथ बैठक में सम्मिलित होंगे। प्रवास के द्वितीय दिवस आप कथावाचकों के साथ बैठक में सम्मिलित होंगे।

# सेवरखेड़ी और सिलारखेड़ी परियोजना का 48 प्रतिशत कार्य पूरा, कान्ह क्लज पर भी चर्चा

## कलेक्टर ने की सिंहस्थ निर्माण कार्यों की समीक्षा, सेवरखेड़ी परियोजना : पंप हाउस का फाउंडेशन कार्य पूर्ण, राइजिंग मेन में 1450 मीटर लेइंग कार्य हुआ

**उज्जैन। आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के तहत, उज्जैन प्रशासन ने जल प्रबंधन और बुनियादी ढांचे के विकास पर अपना ध्यान केंद्रित कर दिया है। इसी क्रम में, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने मंगलवार को सेवरखेड़ी और सिलारखेड़ी बांध परियोजनाओं सहित अन्य निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की।**



यह परियोजनाएं मुख्य रूप से शिप्रा नदी में आवश्यक जल स्तर बनाए रखने और श्रद्धालुओं को शुद्ध जल में स्नान सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को संसाधनों को बढ़ाकर निर्माण कार्यों को तेज़ गति से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

नवभारत से चर्चा में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि सेवरखेड़ी बैराज के कांक्रीटिंग का कार्य आगामी जून माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा।सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ये परियोजनाएं सिंहस्थ की जीवनरेखा हैं, अत: संसाधनों को बढ़ाकर कार्य को गुणवत्ता के साथ निश्चित समय-सीमा में पूरा किया जाए। यह परियोजनाएँ सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए शिप्रा नदी के जल से स्नान को अत्यंत सुगम और पवित्र बनाएंगी। सिंहस्थ महाकुंभ ग्रीष्मकाल में आयोजित होता है, जब शिप्रा नदी अक्सर सूख जाती है या उसका जलस्तर बहुत कम हो जाता है। यह बैराज (बांध) पानी को रोककर रखेंगे और आवश्यकतानुसार जल को शिप्रा में छोड़कर रामघाट और अन्य घाटों पर पर्याप्त गहराई सुनिश्चित करेंगे। इन बैराजों के माध्यम से नदी में नया और स्वच्छ जल छोड़ा जाएगा, जिससे नदी में रुके हुए या प्रदूषित जल का जमाव नहीं होगा। यह निरंतर बहाव जल में ऑक्सीजन स्तर को बनाए रखने और उसकी स्वच्छता सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

यह परियोजना सुनिश्चित करेगी कि भारी भीड़ के बावजूद, शाही स्नान और सामान्य स्नान के लिए श्रद्धालुओं को निर्बाध रूप से शुद्ध जल उपलब्ध हो सके। सिंहस्थ के मद्देनजर शहर के प्रमुख चौराहों और जंक्शन पॉइंट्स के सौंदर्यीकरण की योजना पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे, जिन्होंने परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा में पूरा करने का संकल्प लिया। रिटेनिंग वॉल का कार्य प्रगति पर है और कांक्रीटिंग का कार्य रात में भी किया जा रहा है। कलेक्टर ने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए वाइब्रेटर मशीन के सतत उपयोग की मॉनीटरिंग के निर्देश दिए। पंचक्रोशी यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इस मार्ग पर फेसिलिटी सेंटर का निर्माण जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए।

### शिप्रा की जलधारा का आधार-वर्तमान स्थिति

सेवरखेड़ी और सिलारखेड़ी परियोजना का उद्देश्य बारिश के पानी को रोककर शिप्रा नदी की सहायक नदियों पर भंडारण क्षमता बढ़ाना है। ये छोटे बांध (बैराज) शिप्रा के सूखने पर उसके बहाव क्षेत्र में भूजल स्तर को बढ़ाने में मदद करेंगे और सीधे नदी में पानी छोड़कर उसके जल स्तर को नियंत्रित करेंगे। सिलारखेड़ी परियोजना का 48 प्रतिशत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है, वही सेवरखेड़ी परियोजना में पंप हाउस के फाउंडेशन का कार्य पूरा हो गया है, और राइजिंग मेन (मुख्य जल-पाइपलाइन) में 1450 मीटर तक पाइप बिछाने का कार्य हो चुका है।

### कान्ह क्लोज्ड डक्ट योजना

जल प्रबंधन के अलावा, बैठक में शहर के अन्य प्रमुख विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिसमें कान्ह क्लोज्ड डक्ट परियोजना पर चर्चा हुई। इस परियोजना का लक्ष्य कान्ह नदी के गंदे पानी को सीधे शिप्रा में मिलने से रोकना है, ताकि शिप्रा के जल को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त किया जा सके। इस परियोजना में 6 किलोमीटर तक कट एंड कवर विधि से कार्य पूरा हो चुका है। शाफ्ट क्रमांक 3 और 4 को भी जोड़ा जा चुका है। विदित हो कि सिंहस्थ के अनेक निर्माण काफी तेज गति से चल रहे हैं। वहीं निर्माण कार्यों की सतत मानीटरिंग भी की जा रही है।

# महिला ने पहले हाथ देकर रोका, फिर 3 साथियों ने लूटी बाइक

## मारपीट में घायल पेंटर का अस्पताल में उपचार

**उज्जैन। आगर रोड पर बच्चे के साथ खड़ी महिला ने लिफ्ट लेने के लिए बाइक सवार को हाथ दिया और अपने तीन साथियों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए लूटपाट कर भाग निकली। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस ने जांच शुरू की है।**

चरक अस्पताल में भर्ती गांधीनगर के रहने वाले मुश्ताक पिता इश्तियाक खान ने बताया कि वह पेंटरी का काम करता है। सोमवार को बाइक से आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के आगे काम के सिलसिले में जा रहा था। उसी दौरान आगर रोड शराब दुकान के आगे एक महिला बच्चे के साथ सड़क पर खड़ी दिखाई दी। जिसने लिफ्ट देने के लिए उसे हाथ दिया। महिला और बच्चे को देख उसने बाइक रोकी तो तीन युवक वहां आ गए। उन्होंने गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी और समीप ही बनी एक झोपड़ी तक ले गए। जहां उससे डरा धमकाकर मोबाइल, 1 हजार रुपए नगद और बाइक छीनकर भाग निकले। घटना के बाद वह झोपड़ी से सड़क मार्ग तक आया और लोगों से मदद मांगकर अस्पताल पहुंचा। जिला अस्पताल में भर्ती मुश्ताक के साथ हुई मारपीट की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मारपीट का मामला सामने आया है। घायल द्वारा लगाए जा रहे लूटपाट के आरोप के संबंध में पुलिस जांच कर रही है।

### युवक पर तीन बदमाशों ने किया चाकू से हमला

उज्जैन। मुनिनगर में दुकान चलाने वाले युवक पर अचानक आए तीन युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक ने हमले की आशंका अपनी मौसी के लड़के पर जताई है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। शांतिनगर में रहने वाला अमन पिता जगदीश प्रजापत 25 साल मुनिनगर में सफाई साथी क्लीनिक सर्विस सेंटर की दुकान पर काम करता है। सोमवार को वह दुकान पर काम कर रहा था। उसी दौरान उसकी दुकान में तीन युवक आए और चाकू से हमला कर दिया। तीनों चाकू मारने के बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। आसपास के दुकानदारों ने चाकूबाजी की सूचना पुलिस को दी। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और बयान दर्ज कर चाकू मारने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। घायल का कहना था कि उसे शंका है कि हमला मौसी के लड़के रवि ने करवाया है। वह भी सफाई क्लीनिक का काम करता है।

### मोबाइल दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास

उज्जैन। तेलीवाड़ा चौराहा पर रात में एक बदमाश द्वारा मोबाइल दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास किया गया। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दुकानदार ने शिकायती आवेदन देकर पुलिस को बदमाश का फुटेज सौंपा है। महावीर नगर पीपलीनाका पर पिता रहने वाला गौरव ग्यारसीलाल राठौर तेलीवाड़ा चौराहा पर स्वास्तिक मोबाइल नाम से दुकान संचालित करता है। 16 नवंबर की रात 10 बजे वह दुकान बंद कर घर लौट गया था। सुबह वापस आया तो उसकी दुकान का ताला क्षतिग्रस्त हालत में मिला जिसे रात में तोड़ने का प्रयास किया गया था। उसने अपनी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो रात 3 बजे एक युवक पहले दुकान के बाहर सोने की नौटंकी करता दिखाई दिया और आवाजाही थमने के बाद ताला तोड़ने का प्रयास करता भी नजर आ गया। गौरव ने फुटेज सामने आने पर मामले की शिकायत आवेदन के माध्यम से कोतवाली थाना पुलिस को दर्ज कराई है।

# टोल कर्मियों से मारपीट करने वाला बदमाश पकड़ाया, चार माह से थी तलाश

## 24 घंटे में दो बार की थी मारपीट

**उज्जैन। टोल कर्मचारियों से मारपीट के दो मामलों में फरार बदमाश को चार माह बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसकी गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम घोषित किया गया था। बदमाश के तीन साथी पूर्व में गिरफ्तार हो चुके थे अब भी चार की तलाश जारी है।**

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चकरावदा स्थित टोल नाके पर 7 जुलाई को कुछ लोगों ने गाड़ी निकालने की बात पर टोल कर्मचारियों से मारपीट की थी और धमकाया था। टोल के गनमैन की शिकायत पर 7 से 8 युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस बात की जानकारी लगने पर मारपीट करने वाले दूसरे दिन दोबारा टोल पर पहुंचे थे और मारपीट करते हुए तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने टोल कर्मचारियों से मारपीट करने में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था वहीं मुख्य आरोपी शुभम कुमावत पिता राजेन्द्र कुमावत 31 वर्ष निवासी पिपलिया हामा होना सामने आया था जो घटना के बाद से ही फरार चल रहा था गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम घोषित किया गया था। 4 माह बाद सूचना मिलने पर फरार बदमाश शुभम को उसके गांव के समीप से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया। पूछताछ में उसके निशानदेही पर मारपीट के दौरान उपयोग की गई एक स्कॉर्पियो और बलेनो कार बरामद की गई है। पूछताछ में उसने अपने चार से पांच अन्य साथियों के नाम भी मारपीट और तोड़फोड़ में शामिल होना बताएं हैं जिनकी तलाश के लिए एक टीम गठित की गई है जल्दी सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाना प्रभारी आरएस शक्तावत ने बताया कि आरोपी को फिलहाल न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है उसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज होना सामने आए है।

### 16 दिन की पैरोल पर गया कैदी हुआ फरार

**उज्जैन।** हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा कैदी गोविंद राजपूत निवासी मंदसौर 16 दिनों की पैरोल पर रिहा हुआ था। जिसे 16 नवम्बर को वापस केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ लौटना था, लेकिन 17 नवम्बर की सुबह तक वापस नहीं आया। पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार होने के चलते केन्द्रीय जेल प्रहरी संदीप पिता भगतसिंह डाबर ने भैरवगढ़ थाने पहुंचकर प्रकरण दर्ज कराया। पुलिस ने फरार कैदी गोविंद के खिलाफ बंदी अधिनियम की धारा 31 (ग) (घ) और भारतीय न्याय संहिता की धारा 49 में प्रकरण दर्ज कराया। कैदी के साथ ही उसकी पैरोल जमानत देने वाले पिता के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि गोविंद पिछले सात सालों से केन्द्रीय जेल में बंद था। भैरवगढ़ थाना एएसआई जितेन्द्र गौसर ने बताया कि कैदी और उसके पिता की तलाश में एक टीम मंदसौर जायेगी।

# बुधवारिया हाट बाजार में 2 करोड़ से टेंसाइल फैब्रिक डोम बनेगा

## महापौर ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर शीघ्र प्रोजेक्ट बनाए जाने के निर्देश दिए

**उज्जैन।** मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 16 नगर कोट स्थित बुधवारीया हाट बाजार का निरीक्षण किया गया। जहां पर हाकर्स जोन बनाए जाने की परिकल्पना को साकार करते हुए महापौर मद की राशि लगभग 2 करोड़ की लागत से सर्व सुविधा युक्त टेंसाइल फैब्रिक डोम निर्माण किया जाएगा। जिससे यहां पर छोटे-छोटे फुटकर व्यापारी, ठेले, गुमटी वाले अपना व्यापार सुगमतापूर्वक संचालित कर सके। इस के लिए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र प्लान बनाए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए गए।



वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत माधवपुरा क्षेत्र में शहरवासियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किफायती दरों पर सुव्यवस्थित, सर्वसुविधा युक्त मैरिज गार्डन बनाया जाएगा। उक्त निर्माण महापौर मद की 70 लाख की लागत से किया जाना है जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्य आदेश भी जारी कर दिया है। उक्त स्थल का महापौर मुकेश टटवाल ने निरीक्षण करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद राजेश बाथम, पार्षद प्रतिनिधि सतीश राठौर, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, सहायक यंत्री राजकुमार राठौर, उपयंत्री प्रवीण वाडिया उपस्थित रहे।

### 29 को कार्तिक मेले में जूनियर पुष्पा की प्रस्तुति

**उज्जैन।** कार्तिक मेले में आने वाले नागरिकों के मनोरंजन हेतु प्रतिदिन कार्तिक मेला मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में 29 नवंबर शनिवार को कार्तिक मेला सांस्कृतिक मंच पर मुक्ता इवेंट द्वारा जूनियर फिल्म स्टार नाइट एवं आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा। समिति संयोजक गब्बर भाटी ने बताया कि मेले में 29 नवम्बर को जूनियर फिल्म स्टार नाईट का आयोजन किया गया है जिससे पुष्पा फिल्म में पुष्पा का मुख्य किरदार निभाने वाले अल्लु अर्जुन के लुक लाईक (डुप्लीकेट) द्वारा पुष्पा के डायलॉग एवं एक्टिंग की जाएगी इसके साथ ही सिंगर सचिन जैन एवं शीतल जैन द्वारा लाईव आर्केस्ट्रा की प्रस्तुती तथा द स्प्रीट डांस ग्रुप द्वारा बॉलीवुड गानों पर नृत्यों की प्रस्तुती दी जाएगी।

**अमावस्या आज व कल** | पूजन-अर्चन के बाद द्वार श्रद्धालु ने मंदिर समिति को सोपा, सम्मान किया

# कोलकाता के भक्त ने महाकाल मंदिर में दान किया 25 किलो चांदी से बना द्वार

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** यूं तो महाकाल मंदिर में प्रतिदिन अनेकों भक्त आते हैं और श्रद्धा के अनुसार महाकाल में दान करते हैं। वहीं इसके पश्चात भस्तारती में भी शामिल होकर मन्नत मांगते हैं और वह पूर्ण होने पर दान करते हैं। इसी क्रम में कोलकाता से उज्जैन आई भक्त निभा प्रकाश ने मंगलवार को महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर में चांदी से बना एक आकर्षक द्वार दान दिया। जानकारी के अनुसार उक्त द्वार करीब 25 किलो चांदी से निर्मित किया गया है जो गर्भगृह के बाहर लगाया जाएगा। मंदिर के पंडे-पुजारियों की प्रेरणा से उन्होंने यह द्वार बनाया है। सुबह मंदिर में पूजन के पश्चात उक्त द्वार उन्होंने समिति के अधिकारियों को सोपा। इस अवसर पर समिति की ओर से दानदाता का सम्मान भी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि शीघ्र ही चांदी के नए द्वार को लगाया जाएगा।



### अवधेश प्रताप सिंह पहुंचे महाकाल

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह मंगलवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गर्भगृह के बाहर से दर्शन कर आशीर्वाद लिया व जन कल्याण हेतु भगवान महाकाल से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा भी की। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से डॉ. सिंह का सम्मान किया गया। देव-दर्शन के बाद डॉ. सिंह ने उज्जैन स्थित मप्र मानव अधिकार आयोग के शिकायत प्रकोष्ठ कार्यालय का अवलोकन किया व गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

### अगहन अमावस्या आज व कल दो दिन

अगहन मास की अमावस्या आज व कल यानी दो दिनों तक रहेगी। इस दौरान श्रद्धालु उज्जैन में शिप्रा में नहान कर दान-पुण्य आदि कर सकेंगे। वहीं पितरों की शांति के लिए घाट पर पिंडदान तर्पण आदि कर्म भी किए जाएंगे। सिद्धवट व रामघाट पर श्रद्धालु पूजन के लिए उमड़ेंगे। इस बार तिथियों की घट-बढ़ की वजह से अमावस्या तिथि दो दिनों तक रहेगी। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया बुधवार को अमावस्या तिथि सुबह 9.43 बजे शुरू होगी जो 20 नवंबर की दोपहर 12.16 बजे खत्म होगी। इस तरह दो दिन तक अमावस्या तिथि में श्रद्धालु धर्म-कर्म आदि कर सकेंगे।